# मां दुर्गा मूर्ति प्रतिमाओं दसवें दिन हुआ विसर्जन

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी। आपको बता दे नवरात्रि के मौके पर भव्य पंडालों एव मनमोहक झांकियों के बीच स्थापित की गयीं माँ दुर्गा की प्रतिमाओं के नव दिनों तक चले पूजा अर्चना के बाद दशवें दिन शोभायात्रा निकाल कर नदी में विसर्जित किया गया।



नवरात्रि के मौके पर बांसा, चक धनकुट्टी रहरामऊ, गडरिया पुरवा ग्रामीण अंचलों में स्थापित की गयीं प्रतिमाओं की पूजा अर्चना के शुक्रवार को गाँव से प्रतिमा जुलूस पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था गाजे बाजे के साथ निकाला गया।जुलूस के दौरान माँ के भक्तो द्वारा जगह जगह हलवा, पूड़ी लईया, चना सहित खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। माँ के जयकारे के चलते पूरा क्षेत्र भक्ति में सरोवर हो गया। विभिन्न गांवों एव मजरों से निकली माँ की शोभायात्रा दोपहर बाद देर शाम कल्याणी नदी 2 दर्जन से अधिक माँ की प्रतिमाओं का विसर्जन पूजन अर्चन के बाद किया गया। जुलूस में शान्ति बनाये रखने के लिये सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर पुलिस बल तैनात सफदरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर घाट कल्याणी नदी में हजारो भक्तो की मौजूदगी में किया गया। घाट पर भारी भरकम भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभारी निरीक्षक मसौली अमित प्रताप सिंह थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया द्वारा किये गए प्रयास काफी सराहनीय रहे इस मौके पर किसान नेता राहुलगुप्ता ग्राम प्रधान राम सिंह उमाकांत राव अनिल वर्मा लेखपाल राजेश तिवारी कबीर शरण यादव राज नारायण एवं समस्त भक्तगण मौजूद रहे

# दिल्ली मॉडल से यूपी की राजनीति बदलने का संजय सिंह ने किया ऐलान

(जीएनएस)।

अयोध्याः आम आदमी पार्टी ने आगामी 31 अक्तूबर से प्रयागराज से अयोध्या तक 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा की घोषणा की है, जो 15 नवंबर को अयोध्या में संपन्न होगी। इस संबंध में शुक्रवार को अयोध्या में हुई तैयारी बैठक में आप नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का मूल उद्देश्य राजनीति को बुनियादी मुद्दों से जोड़ना है और देश की राजनीति की दिशा को बदलना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आमूल-चूल परिवर्तन कर हमने यह साबित किया है कि आम आदमी पार्टी बदलाव की राजनीति करती है।

संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में क्रांति की, गरीब और अभावग्रस्त बच्चों को टाट-पट्टी से उठाकर एयरकंडीशन कक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंचाया। इसी तरह मोहल्ला क्लीनिक मॉडल के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार किया गया, जहां 200 तरह की जांचें मुफ्त होती हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली में बिजली,




पानी, शिक्षा और इलाज मुफ्त करने के साथ ही महिलाओं को बस यात्रा में फ्री सुविधा दी गई और 10 वर्षों तक लगातार मुनाफे का बजट पेश किया गया।

आप सांसद ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक भी विधायक न होने के बावजूद आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूलों को बंद करने के मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जो आपके बच्चों के स्कूलों की 'पेयरिंग' कर रहे हैं, असल में उनके दिमाग की 'रिपेयरिंग' की जरूरत है। योगी आदित्यनाथ सरकार और उनके भ्रष्ट अधिकारियों की नीतियों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इनकी सोच की भी रिपेयरिंग करनी होगी।

संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा न शिक्षा की बात करती है, न अस्पताल की, न रोजगार और न ही पेपर लीक की। इनका पूरा एजेंडा धर्म के नाम पर धंधा करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम के बीच नफरत फैलाकर राजनीति कर रही है और उनकी यह 'धर्म के नाम पर धंधे की दुकान' अगर कोई बंद कर सकता है तो वह सिर्फ आम आदमी पार्टी है।

आप नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी लगातार इस बात की कोशिश करती है कि राजनीति के केंद्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे मुद्दे रहें। लेकिन भाजपा नफरत फैलाने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा बरेली में बुलडोजर चलाती है और पूरा मीडिया उसी नफरत को दिखाने में लग जाता है। संजय सिंह ने कहा कि इस प्रवृत्ति को ठीक करने का काम भी आम आदमी पार्टी ही करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि अयोध्या की धरती पर खड़े होकर मैं यह कह रहा हूं कि बाबा बुलडोजर की राजनीति में 90 प्रतिशत हिंदुओं के घर ढहाए गए हैं। यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में भी सड़क चौड़ीकरण के नाम पर हजारों हिंदुओं के घरों पर बुलडोजर चलाया गया।

किसानों की हालत पर चिंता जताते हुए संजय सिंह ने कहा कि जब किसानों को उनकी उपज का उचित दाम नहीं मिलता, तब उन्हें लाठियां खानी पड़ती हैं। खाद की बोरियां लेने के लिए भी उन्हें लाठीचार्ज का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज कृषि की लागत इतनी बढ़ गई है कि खेती करना किसानों के लिए घाटे का सौदा हो गया है। उन्होंने छोटे, मध्यम और कुटीर उद्योगों की बदहाली पर भी चिंता जताई और कहा कि इस आंदोलन में इन्हें भी जोड़ने का आ'ान किया जाएगा। सामाजिक न्याय की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी भेदभाव की राजनीति होगी और गरीब पर अन्याय होगा, आम आदमी पार्टी वहां आवाज बुलंद करेगी।

इस अवसर पर पदयात्रा आयोजन समिति के अध्यक्ष व निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल, समिति के सदस्य व निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल, बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इमरान लतीफ सहित सभी जिलों के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

# 'वोट चोरी' के खिलाफ कांग्रेस ने छेड़ी मुहिम, बूथ समितियों के गठन पर जोर

(जीएनएस)।

पीलीभीत। जिला कांग्रेस की मासिक बैठक मंडी समिति कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन सृजन अभियान की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा हुई।

अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि अधिकांश ब्लॉकों में बूथ समितियों का गठन पूरा हो चुका है, शेष ब्लॉकों में यह कार्य शीघ्र सम्पन्न होगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस हाईकमान के आ'ान पर 'वोट चोरी' के विरुद्ध चल रहे हस्ताक्षर अभियान को हर तहसील और ब्लॉक तक पहुँचाना प्राथमिकता है। इसके लिए पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं।

बैठक में महासचिव डॉ. नागेश पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मौर्य, राजू मिश्रा, प्रदीप मौर्य, इरफान, जाहिद खां, वासुदेव ठाकुर, छात्र कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वर्मा, पीसीसी ईश्वर दयाल पासवान, यूसुफ मलिक, पुष्पा गंगवार, कांग्रेस प्रवक्ता हेमन्त मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने गाय को मारी टक्कर, मौत

बदायूं नन्दवारी पुलिया पर अज्ञात वाहन ने गाय को मारी टक्कर गाय की मौत ग्राम प्रधान नन्दवारी ने अज्ञात वाहन को पैसे लेकर छोड़ा वजीरगंज थाना क्षेत्र के मुरादाबाद रोड फरुंखाबाद एम एफ हाईवे पर ग्राम नन्दवारी पुलिया पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गाय की मौके पर मौत हो गई गौ सेवाक टीम जब मौके पर पहुचीं तो गाय का शव रोड पर पड़ा मिला गौ सेवाक टीम ने प्रधान से बोला तो प्रधान ने कहा की गाय की गलती है और प्रधान ने पहले ही अज्ञात वाहन से पैसा लेकर उसे छोड़ दिया गौ सेवाक टीम को सूचना मिली तो गौ सेवाक टीम ने पहले थाना



वजीरगंज पुलिस को सूचित किया मौके पर पहुँची पुलिस ने गाय के शव को जेसीबी को बोलकर गाय का शव को दफन कराया इसके पश्चात गौ सेवाक टीम ने प्रधान को अज्ञात वाहन से पैसा लेकर अज्ञात वाहन को छोड़ने के आरोप मे गौ सेवाक टीम ने कानूनी कार्रवाई करने की थाना वजीरगंज पुलिस से माँग की

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज के क्वाटर 3 आवास में स्टॉफ नर्स की बहिन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की खुदकुशी

वजीरगंज । कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वजीरगंज के क्वाटर 3 आवास में स्टॉफ नर्स की बहिन ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बदायूँ के वजीरगंज में सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घटना की जानकारी में जुट गई घटना स्थल मौके पर पहुंची फॉरेंसिंक टीम एसआई संजय सिंह ने दुपट्टा काटकर शव को नीचे उतारा। पुलिस को मौके से एक मोबाइल मिला है ।पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है ।स्टाफ नर्स रितु का थाना कुवंरगांव क्षेत्र के गांव सोई निवासी मोहित राठौर से लिव रिलेसिव सिप चल रहा था ।उन दोनों की दोस्ती ईशा को पसन्द नहीं थी ।रितु ने कुछ समय पहले मोहित राठौड़ के साथ इंगेजमेट की थी। मोहित राठौर ने बताया 6 नवंबर को हम दोनों की शादी है। मृतक ईशा के पिता विद्युत विभाग में के के पद पर तैनात हैं वह अरुणाचल प्रदेश के नगर पंचायत कटसान में तैनात है। उसके पिता को सूचना भेज दी गई है।

गोरखपुर जनपद थाना वेलीयार गांव कुशमोल निवासी ईशा (19) बर्षीय रामसूरत दास ने पंखा पर फाँसी लगाकर खुदकुशी कर ली ।मृतक ईशा की बड़ी बहिन रितु



जाटव वजीरगंज कस्बा स्थित सीएचसी पर स्टॉफ नर्स के पद पर तैनात थी। नर्स स्टाफ कैंपस में बने क्वाटर 3 आवास में रहती थी ।मृतक की बहिन का कहना है वह वदायूँ किसी कार्य से गई हुई थी ।ईशा कमरे में अकेली थी। शुक्रवार दोपहर 2: बजे लगभग संदिग्ध परिस्थितियों में स्टाफ नर्स रितु की बहिन का शव कमरे से लटकता मिला।

सीनू शर्मा स्टाफ नर्स ने वताया वह वराबर में क्वाटर में रह रहती है ड्यूटी से लौटी तो उसने दरबाजा खटखटाया कमरे के अन्दर से आबाज नहीं आने पर मोबाइल से कॉल किया रिंग जा रही थी फोन नही उठा तो स्टॉफ नर्स ने खिड़की से देखा तो ईशा पंखा पर लटकी थी.स्टाफ नर्स रोते हुए कैंपस में चिल्लाने लगी आवास में रह रहे स्टाफ मौके पर पहुँचे तो उसने घवराते हुए घटना की जानकारी दी। साथियों ने अस्पताल प्रशासन और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई ।फॉरेसिंक टीम पुलिस ने दुपट्टा काटकर शव को नीचे उतारा. मृतका के कमरे से कोई भी सुसाइड नोट नही मिला है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

वजीरगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि एक युवती की आत्महत्या की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही हो पायेगी।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में कार्यक्रम आयोजित

(जीएनएस)।

बीसलपुर (पीलीभीत)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती बाला देवी रोशन लाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.पी. मौर्य, उप प्राचार्य डॉ. पातंजलि गंगवार एवं लॉ कॉलेज प्राचार्य श्री रवि प्रकाश गंगवार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर पर प्रवक्ता श्री राहुल मिश्रा, श्री राजीव कुमार, श्री रामपाल, श्री अमित कुमार, श्री अनूप कुमार, श्री कृष्ण पाल, श्री नेतराम, श्रीमती प्रवेश, श्रीमती मिथलेश सहित छात्र-छात्राओं ने दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन, उनके आदर्शों और राष्ट्रहित में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.पी. मौर्य ने कहा कि हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने अंदर नैतिक मूल्यों का विकास करना चाहिए। ज्ञान अर्जित कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



# सखिया मंदिर पर फिर विवादः महंत सत्यगिरी ने संचालन पर उठाए गंभीर सवाल, कब्जा लेने पहुंचे

(जीएनएस)।

पीलीभीत (बीसलपुर)।

बीसलपुर के चर्चित देव स्थल सखिया मंदिर (उर्फ डॉक्टर ब्रह्मदेव मंदिर) में गुरुवार को एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया। संत समिति श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अध्यक्ष महंत सत्यगिरी अपने समर्थकों के साथ मंदिर पहुंचे और संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए।

महंत सत्यगिरी ने आरोप लगाया कि यह देवस्थल प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां पीपल के पेड़ की परिक्रमा करने से बीमारी ठीक होने की मान्यता है। बावजूद इसके मंदिर का संचालन एक पिताझपुत्र की समिति द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है और चढ़ावे-चंदे का कोई हिसाब नहीं रखा जाता।

महंत का कहना है कि समिति चंदे की राशि को हड़पने की कोशिश कर रही है, जबकि इन पैसों का सही इस्तेमाल मंदिर निर्माण और भक्तों की सुविधाओं पर होना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यहां आने वाले साधु-संतों को भगा दिया जाता है।

> महंत सत्यगिरी, जूना अखाड़ाः

**'हम चाहते हैं कि इस देवस्थल का संचालन पारदर्शिता के साथ संत समाज की देखरेख में हो। मंदिर की स्थापना और सेवा-समर्पण ही हमारा उद्देश्य है।'**

पुलिस बल तैनात, प्रशासन हरकत में

महंत और उनके समर्थकों के डेरा डालने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

थाना अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने बताया कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है और दोनों पक्षों से वार्ता कर समाधान निकालने की कोशिश हो रही है, ताकि धार्मिक स्थल पर अव्यवस्था न फैले।



पहले भी हो चुका विवाद

यह पहला मौका नहीं है जब सखिया मंदिर विवादों में आया हो। इससे पहले भी चंदे और संचालन को लेकर विवाद सामने आ चुका है। महंत सत्यगिरी के सक्रिय होने से यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

# पीलीभीत में शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

(जीएनएस)।

पीलीभीत। दियोरिया थाना क्षेत्र के बीसंगापुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। आरोपी वाहन चालक फरार हो गया।

मृतकों की पहचान सचिन और रिंकू के रूप में हुई है। दोनों दोस्त दियोरिया थाना क्षेत्र के बिहारीपुर गांव के निवासी थे। वे एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बीसलपुर का रामलीला मेला देखने जा रहे थे। देर शाम बीसंगापुर गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने



उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जमा हो गए ।दियोरिया कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थाना अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने बताया कि सचिन और रिंकू नामक दो युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। आरोपी वाहन की तलाश जारी है।

परिजनों ने बताया कि सचिन और रिंकू पुराने मित्र थे और अक्सर साथ घूमने जाते थे। शुक्रवार को भी वे बीसलपुर का मेला देखने निकले थे। इस हादसे से उनके परिवारों में शोक का माहौल है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीसलपुर के ऐतिहासिक रामलीला मेले में मिकी माउस झूले में लगी आग टला हादसा



पीलीभीत के बीसलपुर कस्बे में चल रहे रामलीला मेले में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। मेले में लगे मिक्की माउस शो-पीस में अचानक आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मिक्की माउस आकृति को देखने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे जमा थे, तभी शॉर्ट सर्किट से उसमें आग लग गई। आग की लपटें उठते ही बच्चे डरकर दूर भागे और भीड़ में भगदड़ मच गई। झूला संचालक ने आग बुझाने का प्रयास किया।

मौके पर न तो अग्निशमन यंत्र उपलब्ध थे और न ही फायर ब्रिगेड की कोई गाड़ी मौजूद थी, जिससे आग पर तुरंत काबू पाया जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल लाखों की भीड़ वाले इस मेले में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते हैं ।मौके पर न तो अग्निशमन यंत्र उपलब्ध थे और न ही फायर ब्रिगेड की कोई गाड़ी मौजूद थी, जिससे आग पर तुरंत काबू पाया जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर साल लाखों की भीड़ वाले इस मेले में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते हैं।

नागरिकों ने इस बात पर चिंता जताई कि रावण दहन के दिन मेले में सबसे अधिक भीड़ होती है, फिर भी फायर ब्रिगेड की टीम तैनात नहीं रहती। झूला मालिक ने भी बताया कि प्रशासन से सुरक्षा संबंधी इंतजामों की कई बार मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

इस घटना से मेले में मौजूद लोग दहशत में आ गए और कई परिवार अपने बच्चों को लेकर तुरंत मेले से चले गए। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि रावण दहन सहित मेले के शेष आयोजनों के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम को मौके पर तैनात किया जाए और सुरक्षा इंतजामों को सख्ती से लागू किया जाए।